छत्तीसगढ़ विधानसभा
पत्रक भाग-एक
संक्षिप्त कार्य विवरण
शनिवार, दिनांक 26 फरवरी, 2011
(फाल्गुन-7, शक संवत् 1932)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1.वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक का उपस्थापन

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

2. अध्यक्षीय दीर्घा में अतिथि

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि श्री गोपाल व्यास, राज्य सभा सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश के विधायक श्री जगत प्रसाद नड्डा अध्यक्षीय दीर्घा में विराजमान हैं। सदन द्वारा मेजों की थपथपाहट से उनका स्वागत किया गया।

3.वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक का उपस्थापन(क्रमशः)

माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से दिनांक 1, 3 एवं 4 मार्च, 2011 की तिथियाँ आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए नियत की।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा की गई कि - आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचना शनिवार, दिनांक 26 फरवरी एवं रविवार, दिनांक 27 फरवरी, 2011 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से 4.00 बजे तक तथा सोमवार, दिनांक 28 फरवरी को सायं 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती है। कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने के प्रपत्र सूचना कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

अपराह्न 12.15 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनाँक 28 फरवरी, 2011 (फाल्गुन 9, शक संवत् 1932) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा